# हिन्दी प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी चंडीगढ़
## 29 मार्च 2025, समय 1810

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि जागरुकता और सभी के सामूहिक प्रयासों से ही पर्यावरण का संरक्षण संभव है।
- स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि आगामी वित्त वर्ष के दौरान नागरिक हस्पतालों में सभी खाली पद भरे जाएंगे।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।
- माता मनसा देवी मंदिर में चैत्र नवरात्रि मेला कल शुरू होगा। श्रद्धालुओं के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए।
- जॉर्डन के अम्मान में चल रही एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में हरियाणा की महिला पहलवानो ने शानदार प्रदर्शन किया।

*************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि जागरुकता पर आधारित निरंतर सक्रियता और सभी के सामूहिक प्रयासों के माध्यम से ही पर्यावरण का संरक्षण और उसका संवर्धन संभव है। राष्ट्रपति ने नई दिल्ली में विज्ञान भवन में राष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने दो दिन के इस सम्मेलन का आयोजन किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि आने वाली पीढियों को स्वच्छ वातावरण विरासत में देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है।

*स्वच्छ पर्यावरण हमारा दैनिक जीवन और स्वास्थ्य के लिए कितना जरूरी है, यह हम सब जानते हैं। धूल और धुए होने वाले वायु प्रदूषण का फेफड़ो पर बुरा असर*

*पड़ता है। अनेक अध्ययन यह बताते हैं कि वायु प्रदेषण से लाइफ इक्सपेक्टेंसी पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। पर्यावरण की स्वच्छता के लिए हर संभव प्रयास करके ही हम सब स्वस्थ्य और समृद्ध भारत का निर्माण कर सकते हैं।*

राष्ट्रपति ने पर्यावरण के संरक्षण के लिए पर्यावरण अनुकूल और संवेदनशील जीवनशैली अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण और आधुनिक विकास का संतुलन बनाना एक अवसर भी है और चुनौती भी है।इस अवसर पर केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि भारत कम कार्बन वाली प्रौद्योगिकी में नवाचार को बढावा देने पर ध्यान केन्द्रित कर रहा हैसम्मेलन में चार प्रमुख तकनीकी सत्र आयोजित किये जाएंगे, जिनमें जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण नियंत्रण, जैव विविधता संरक्षण और सतत विकास सहित पर्यावरण के समक्ष चुनौतियों के समाधान पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

**************************************************************

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने कहा है कि आगामी वित्त वर्ष के दौरान हरियाणा में स्वास्थ्य सेवाओं का और विस्तार किया जाएगा।उन्होंने कहा कि नागरिक हस्पतालों में सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी और खाली पद भरे जाएंगे।

पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने गन कल्चर वाले गानों पर रोक लगाने के राज्य सरकार के फैसले को उचित ठहराया।उन्होंने कहा कि इससे समाज में हिंसा को प्रोत्साहन मिलता है।स्वास्थ्य मंत्री ने आज चरखी दादरी में विधायक सुनील सांगवान के निवास पर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की और पिछले दिनों उनके पिता व पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान के निधन पर शोक प्रकट किया।

**************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। मन की बात का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

*****************************************************************

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि बजट में खेल और खिलाडियों को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। पलवल में मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा -

उन्होंने कहा कि हरियाणा की खेल नीति का देश के अन्य राज्य भी अनुसरण कर रहे है।

*****************************************************************

माता मनसा देवी मंदिर में चैत्र नवरात्रि मेला कल प्रथम नवरात्रि से शुरू होगा और 6 अप्रैल तक जारी रहेगा। पंचकुला की उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड ने नवरात्रि के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के मद्देनजर सारी तैयारी कर ली है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और मदद के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा । उन्होंने बताया कि इस बार माता पर चोला चढाने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू की जा रही है ताकि जो भी श्रद्धालु माताजी पर जो चोला चढ़ाना चाहते हैं वह ऑनलाइन बुकिंग कर सकें और पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने कहा कि इसी के साथ-साथ माता के दर्शन के लिए आने वाली वृद्ध एवं अशक्त व्यक्तियों और गर्भवती महिलाओं के लिए 10 ई रिक्शा की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई है, जो उनको पार्किंग स्थल से मंदिर तक लेकर जाएगी।उपायुक्त ने बताया कि 5 मिनी बसे स्वास्तिक विहार से मेला स्थल तक लगाई जा रही है।

उन्होंने बताया कि मिश्री के साथ सूखे फलों के प्रसाद में गैर सरकारी संगठनों द्वारा सहयोग किया गया है।

***************************************************************
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आगामी 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिसार में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से हवाई यात्रा का शुभारंभ करेंगे।उन्होंने कहा कि एलाइंस एयरलाइंस ने हवाई सेवा को लेकर सफल एयर ट्रायल किया है।आकाशवाणी समाचार ने स्थानीय लोगों से इस पर प्रतिक्रिया ली

युवा उद्यमी कुलदीप बराला ने कहा कि विमान सेवा सेवा शुरू होने से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

***************************************************************

हरियाणा ओलंपिक संघ के चुनाव में सभी उम्मीदवार निर्विरोध विजय घोषित किए गए हैं। कल 21 में से चार लोगों का नामांकन रद्द हो गया था। रिटर्निंग अधिकारी सेवामुक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश भूपेंद्र सिंह ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए जसविंदर, उपाध्यक्ष पद के लिए अनिल खत्री, जितेंद्र , मुकेश शर्मा, सुनील मलिक, नीरज तंवर, राकेश सिंह, सत्यपाल सिंधु, मोहम्मद शाइन व भारत भूषण जुयाल को विजयी घोषित किया गया है।वहीं महासचिव के पद के लिए पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, कोषाध्यक्ष के लिए मंजीत सिंह, संयुक्त सचिव के लिए नरेंद्र सिंह व रविंद्र कुमार तथा कार्यकारी सदस्य के लिए सुरेखा, प्रिया, रोहित पुंडीर को मनोनीत किया गया है।

***************************************************************
जॉर्डन के अम्मान में चल रही एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में हरियाणा की महिला पहलवानां ने शानदार प्रदर्शन किया। रोहतक की मनीषा भनवाला ने 62 किलोग्राम भारवर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता तो हिसार की अंतिम पंघाल ने 53 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक जीता। भारतीय पहलवान मनीषा भनवाला ने, 2021 के बाद, भारत का पहला स्वर्ण पदक जीता है।भारतीय पहलवानों ने प्रतियोगिता में कल तक एक स्वर्ण, एक रजत और छह कांस्य पदक जीते जिसमें ग्रीको रोमन पहलवानों के दो पदक शामिल हैं।+

***************************************************************

ग्रेटर नोएडा में आयोजित राष्ट्रीय महिला मुक्केबाजी प्रतियोगिता में पांचवीं बार चैंपियन बनी नूपुर  श्योराण का भिवानी पहुंचने पर भव्य स्वागत  किया गया।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में सम्पन्न हुई इस प्रतियोगिता में हरियाणा की बेटियों ने 9  स्वर्ण पदक हासिल किए हैं। इन 9 स्वर्ण पदक में से 5 स्वर्ण पदक  अकेले भिवानी की महिला मुक्केबाजों ने हासिल किए हैं।